महत्वपूर्ण एवं खास

रोजगार सहायक द्वारा किया जा रहा गड़बड़ी

कोरबा। जनपद पंचायत करतला के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुमान में रोजगार सहायक द्वारा भारी मात्रा में फर्जी मास्टर रोल भरकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा जनपद पंचायत करतला सीईओ को ज्ञापन दिया गया है। ग्राम पंचायत तुमान में वर्ष 2020-21 में दलदली तालाब गहरी करण किया गया जिसमें 528251 रुपये स्कृति हुआ था। जिसमें रोजगार सहायक एवं मेट द्वारा 60.65 हजार रुपए फर्जी मास्टर रोल भरकर भ्रष्टाचार किया गया है। उसी प्रकार 2021.22 में भी जेरातेंदू तालाब गहरी करण में भी फर्जी मास्टर रोल तैयार किया गया है। जिसमें 22/01/2021 से 28/02/2021 तक रोजगार गारंटी काम बंद था उसके बावजूद भी फर्जी तरीके से रोजगार सहायक द्वारा अपने चहेतो के नाम पर फर्जी मास्टर रोल भरा गया है। इसी प्रकार रोजगार सहायक द्वारा तालाब गहरीकरण, भूमि समतलीकरण, डबरी निर्माण में भ्रष्टाचार किया जा रहा है और शासन के मूलभूत योजनाओं का जो लॉकडाउन में गरीबों के लिए वरदान से कम नहीं है परंतु गरीबों का शोषण किया जा रहा है। रोजगार सहायक एवं मेट द्वारा मनमानी किया जा रहा है, जब रोजगार सहायक से इस बारे में पूछा जाता है तो मुंह बंद करके खड़े रहते हैं। मतलब साफ जाहिर होता है कि इनके पीछे कितने लोगों का हाथ है, अब देखना होगा कि शासन प्रशासन द्वारा रोजगार सहायक के ऊपर क्या कार्यवाही करते हैं।

मेडिकल कॉलेज कैंपस में घुसने से मना किया, छात्र से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (आरएनएस)। 17 फरवरी को तीन लोगों को कॉलेज कैम्पस में घुसने से मना करने को एक छात्र पर रॉड व डंडे से प्राणघातक हमला किया गया था जिसे लेकर छात्रों द्वारा लालबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । छात्रों ने उक्त मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक सन्तोष सिंह को ज्ञापन भी दिया था पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा तथा नगर पुलिस अधीक्षक गौरव राय (आईपीएस) के मार्गदर्शन में लालबाग थाना प्रभारी निरीक्षक शिवेंद्र राजपूत ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

नाबालिग चला रहा था कार, अनियंत्रित होकर पलटी

बिलासपुर (आरएनएस)। शहर के स्वदेशी प्लाजा के पास एक तेज रफ्तार बोलेनो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना के समय कार में कुल 4 लोगों के बैठने की जानकारी मिल रही है। जिसमें किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं है। मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है। भीड़ में ऐसा कहा जा रहा है कि गाड़ी में सवार कोई 14 वर्षीय छोकरा गाड़ी चला रहा था। उसे उससे गाड़ी सम्हली नहीं और अनियंत्रित होकर पलट गई। मिली जानकारी के अनुसार हादसा सुबह 12 बजे के आसपास हुई है फिलहाल मौके पर पुलिस की टीम पहुच गई है।

रेललाइन विस्तार के लिए जनआंदोलन खड़ा करने की तैयारी

जगदलपुर (आरएनएस)। दल्ली-राजहरा से जगदलपुर को रेललाइन से जोडऩे के लिए जनआंदोलन खड़ा करने की तैयारी की जा रही है। शहर के नागरिकों, सभी समाजों के प्रमुख और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मामले को लेकर बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन में इस मुद्दे को लेकर बैठक की गई। बैठक में सभी लोगों ने एक स्वर में जगदलपुर तक रेललाइन का विस्तार करने और रेल सुविधा बस्तर को देने की मांग की गई है। जनआंदोलन के लिए 15 सदस्यीय समिति का गठन भी किया जा रहा है। बताया जाता है कि एक दशक बाद भी रावघाट से जगदलपुर, सुकमा, बीजापुर तक रेल की घोषणा पर अमल नहीं हो पाया है। इस दौरान पद्मश्री धर्मपाल सैनी, किशोर पारख, संपत झा, मनीष शर्मा, विमल बोथरा, संतोष जैन, नवरतन जलोटा, कन्हैया राजपुरोहित, महेश कश्यप सहित सभी समाजों के प्रमुख मौजूद थे।

अवैध शराब के साथ 2 गिरफ्तार, 61 पौव्वा देसी शराब जब्त

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में पुलिस ने अवैध शराब बेचने की सूचना पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 61 पौव्वा देसी शराब जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक अवैध शराब बेचने की सूचना पर पुलिस ने अलग-अलग 2 इलाके से 61 पौव्वा देसी शराब के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम कामदेव सोनवानी पिता चैतु राम सोनवानी निवासी ग्राम गोंड पेंड्री गोबरानवापारा तथा भगवती राम त्रिवेन्द्र पिता भावराम त्रिवेन्द्र उम्र 55 वर्ष निवासी नंदी चौक सातपारा थाना अभनपुर रायपुर बताया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

महिला के खाते से 8 लाख पार, कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज

सूरजपुर (आरएनएस)। आए दिन बैंक खाते से फर्जी तरीके से निकासी के मामले आप सुनते होगे, जिसमे ज़्यादातर मामले साइबर अपराधियों के द्वारा अंजाम दिया जाता है, हालांकि इसको लेकर आमजन में जागरूकता बढ़ी है पर ऐसे में अगर बैंक के ही लापरवाही से पैसा खाते से जा रहा है ऐसे ही मामला नगर के एक महिला ने लिखित शिकायत कोतवाली थाने में दी है सरोज सिंह पति स्व0 मनोज कुमार सिंह, कालोनी सूरजपुर में रहते हैं महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि मेरे पति स्वर्गिय मनोज कुमार सिंह जिला कोरिया में पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ थे, जिनकी मृत्यु दिनांक 21.08 2021 को बीमारी के कारण हुई है, पति मनोज कुमार सिंह का भारतीय स्टेट बैंक शाखा सूरजपुर में खाता क्र0 11259033213 संचालित था, इस खाते से 800000 रुपए निकाल लिया गया प्रार्थिया के पति की मृत्यु के बाद भारतीय स्टेट बैंक शाखा सूरजपुर में दिनांक 06.11.21 को मनोज कुमार सिंह की मृत्यु हो जाने के संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र व लिखित सूचना तथा खाता होल्ड कराये जाने हेतु आवेदन दिया गया था. तब स्टाफ शक्ति श्रेष्ठा द्वारा खाता होल्ड नही किया गया न ही खाते का स्टेटमेन्ट मांगे जाने पर प्रदान किया गया यह कि महिला के पति द्वारा अपने जीवित काल में एटीएम कार्ड प्राप्त करने हेतु बैंक में आवेदन दिया गया था, परन्तु उन्हें एटीएम कार्ड प्राप्त नहीं हुआ था. व बैंक में महिला के पति का पता वकिल कालोनी सूरजपुर जिला सुरजपुर दर्ज है, यह कि महिला के पति की मृत्यु की बाद पुलिस विभाग से जीपीएफ का रकम प्राप्त होना था, जो दिनांक 02.11.21

को 918007 सपरी खाता में ट्रान्सफर होकर आया था तथा 31279 रूपये पूर्व से खाता में जमा था, बैंक जाकर कई बार मौखिक रूप से भी स्व0 पति के खाता की जानकारी देने व खाता होल्ड करने बावत निवेदन किया गया बैंक प्रबंधन व स्टाफ द्वारा कार लोग है कहकर टाल मटोल किया जाता रहा कि दिनांक 15.02.2022 को बैंक शाखा सूरजपुर जाने तथा प्रार्थिया द्वारा अपने स्व0 पति के खाता की जानकारी व स्टेटमेन्ट बैंक से मांगे जाने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि प्रार्थिया के पति के उक्त खाता से दिनांक 02.01.2022 से 11.02.2022 तक जमा रकम एटीएम व युपीआई ट्रांसफर के जरिये आहरण कर निकाल लिया गया है, खाते में वर्तमान में 36784 रूपये शेष बचा है। खाता का स्टेटमेन्ट प्राप्त करने पर धोखाधड़ी कर रकम एटीएम कार्ड से निकालने तथा अन्य कई खातों में ट्रांसफर करने के बारे में जानकारी मिली रकम एटीम कार्ड से निकालने एवं अन्य खातों में ट्रांसफर करने वाले का नाम मनोज कुमार सिंह पिता राम किशुन सिंह निवासी मरपा ताहिर पोस्ट मरा ताहिर थाना नरनिया बिहार का होना बताया गया उक्त व्यक्ति का मोबाईल नम्बर 7544037992 होने की जानकारी बैंक से ही प्राप्त हुआ ।

यह कि महिला के पूर्व0 पति मनोज सिंह द्वारा ए.टी.एम. कार्ड के अप्लाई हेतु दिये गये। आवेदन पश्चात ए.टी.एम कार्ड प्राप्त होने के पूर्व ही उनकी मृत्यु हो गई थी कि बाद में उनका ए. टी.एम. कार्ड पोस्ट ऑफिस के पोस्टमास्टर द्वारा यह कर कर प्रार्थिया को नहीं दिया गया कि ए.टी. एम. कार्ड लेने वाले मर चुके है अब बैंक वापस जायेगा प्रार्थिया के द्वारा या उसके परिवार के किसी सदस्य द्वारा कभी भी किसी भी अज्ञात व्यक्ति को स्व0 मनोज सिंह के उक्त खाता की जानकारी या ओटीपी वगैरह नहीं बताया गया है न ही किसी ने कभी पूछा है। बैंक प्रबंधक से खाता से पैसा कैसे दान्सफर हो गया पूछे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि हमारे बैंक से खांता को आवेदन व मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर होल्ड नही किया गया था तथा सर्व0 मनोज सिह का उक्त खाता उन्हीं के नाम के मनोज कुमार सिंह निवासी भरपा ताहिर बैरगनिया बिहार के साथ बैंक से ही लिंक कर ज्वाइन्ट कर दिया गया था कि अब तक मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया के स्वर्गिय पति मनोज कुमार सिंह का एटीएम कार्ड जानबूझ कर पोस्ट मास्टर व बैंक प्रबन्धन द्वारा नहीं दिया गया व उसी नाम के अन्य व्यक्ति को दे दिया गया बैंक प्रबंन्धन द्वारा आवेदन दिये जाने पर भी खाता होल्ड नही किया गया तथा खाता को अन्य व्यक्ति के नाम से लिंक कर ज्वाइन्ट कर दिया गया इसी कारण उक्त व्यक्ति द्वारा प्रार्थिया के स्वर्गिय पति के ग्रेजुएटी के मिली रकम को धोखाधड़ी कर आहरण कर भारी नुकसान पहुंचाया गया है। बैंकप्रबंधन से खाता की जानकारी मांगे जाने पर उसी नाम के अन्य व्यक्ति के खाता की जानकारी भी दिया गया है प्रार्थिया के पति के मृत्यु के बाद इतनी बड़ी रकम को बैंक प्रबंधन के मिली भगत से आहरण करने पर प्रार्थिया काफी क्षुब्द है तथा भारी आर्थिक क्षति हुई है आहरण किया गया रकम वापस पाना चाहती है।

राजस्व अधिकारी-कर्मचारी काम पर लौटे

महासमुंद (आरएनएस)।कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की मांगें पूरी होने के बाद अधिकारी व राजस्व के कर्मचारियों ने हड़ताल वापस ले ली है। शुक्रवार से सभी काम पर लौट गए हैं। संघ के आह्वान पर अधिकारी व राजस्व के कर्मचारी 14 फरवरी से धरने पर बैठे थे। अधिवक्ता की गिरफ्तारी व राजस्व न्यायालयों में सुरक्षा व्यवस्था की मांग संघ द्वारा की जा रही थी। इसी तारतम्य में गुरुवार देर रात इनकी मांगों पर विचार करते हुए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अवर सचिव विजय कुमार चौधरी ने कलेक्टरों को राजस्व न्यायालयों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश जारी किया है। आदेश जारी होने के बाद अफसरों व कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली और काम पर लौट गए। हालांकि अभी कलेक्टर ने राजस्व न्यायालय में सुरक्षा व्यवस्था के लिए किसी प्रकार का आदेश जारी नहीं किया है। इस संबंध में तहसीलदार प्रेमु साहू ने बताया कि हमारी दोनों मांगे पूरी होने के बाद हड़ताल वापस ले लिया गया है। सभी काम पर लौट गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था का आदेश भी कलेक्टर को मिल गया है। बता दें कि रायगढ़ में कुछ दिन पहले राजस्व कर्मचारियों से मारपीट और दुव्र्यवहार के मामले को लेकर राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर थे।

सरिया अवैध तरीके से बेचने ट्रक चालक ने नंबर प्लेट बदल किया अमानत में खयानत,गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)रायपुर से ट्रक में सरिया लोड कर रायपुर से मध्यप्रदेश के लिए निकले ट्रक का चालक पूरी योजना बनाकर ट्रक का नंबर बदल सरिया को खेत में डंप कर माल बेचने के लिए ग्राहक तलाशने लगा। लेकिन पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपितों में रीवा के कमला शंकर उर्फ मुन्ना उर्फ कौशल विश्वकर्मा और राज बहौर, सीधी मध्यप्रदेश हैं। पुलिस ने बताया कि ये दोनों पूर्व से ही घटना करने के उद्देश्य से ग्राम बेमता के पास कुछ सरिया को उतारकर खेत में छिपा दिए। इन्होंने ट्रक का नंबर प्लेट भी बदल दिए और बाकी सरिया को खाम घाटी थाना मझौली के जंगल में छिपा दिए। साक्ष्य छिपाने की नियत से ट्रक में पेंट कराकर पुन: अलग फर्जी नंबर का स्टीकर लगा कर सतना जाकर नए शिकार की तलाश कर रहे थे। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 21 लाख 66 हजार रुपए का 35,110 टन सरिया जप्त किया है।

प्रार्थी उमेश पटेल ने नौ फरवरी को थाना उरला में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। प्रार्थी ने बताया कि ग्रेवेटी फेयरो प्रायवेट लिमिटेड कन्हेरा रोड उरला से कृष्णा कन्ट्रक्शन नरसिंहपुर मध्यप्रदेश का लोहा लेकर निकले थे। ट्रक के चालक कौशल विश्वकर्मा एवं उसके साथी राज बहौर यादव द्वारा 21 लाख 66 हजार 323 रुपये के सरिया को कृष्णा कंस्ट्रक्शन नरसिंहपुर मप्र न पहुंचाकर अमानत में खयानत कर गबन कर दिया।

रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। ट्रक के गुजरने वाले मार्गों व टोल प्लाजा में लगे सीसीसीटीवी कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर टोल प्लाजा से भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इसी दौरान टीम के सदस्यों को आरोपियों के मध्यप्रदेश के सीधी में होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा सीधी रवाना होकर आरोपियों की पतासाजी करते हुए आरोपी कमला शंकर उर्फ मुन्ना उर्फ कौशल विश्वकर्मा एवं राज बहौर को पकड़ा गया।

राहाडीह में कोयला लोड वाहन जब्त, चालक फरार

कोरबा। शनिवार रात को पाली थाना अंतर्गत ग्राम राहाडीह में पुलिस द्वारा छापामारी की गई। इस दौरान अवैध कोयला लदा तीन वाहन मिला जिसे जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पाली थाना प्रभारी एसआई आशीष सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी, कि यहां एक हाईवा और दो ट्रैक्टर वाहनों में कोयला लदा हुआ है। चालक के पास इसका कोई दस्तावेज नहीं है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस की टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, पुलिस को देखकर वाहनों में मौजूद चालक भाग निकले। पुलिस ने इन तीनों वाहनों को जप्त कर लिया है। एसआई आशीष सिंह ने बताया

कि थाना पाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राहाडीह में छापा मारकर अवैध रूप से कोयला परिवहन कर रहे 1 ट्रेलर एवं 2 ट्रैक्टर जप्त कर कार्यवाही किया जा रहा है। जप्त कोयला का वजन लगभग 35 टन है। पुलिस द्वारा पकड़े गए वाहनों में हाइवा क्रमांक सीजी 12 , डब्ल्यू 9002, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 12 एयू 1355 एवं सीजी 12 एआर 7078 शामिल हैं। इस तरह की कार्यवाही पाली थाना क्षेत्र में आगे भी जारी रहेगी।

नानपुलाली में वन विभाग की दबिश, इमारती लकड़ी बरामद

कोरबा। कटघोरा वन मंडल की पाली परिक्षेत्र में वन विभाग की टीम ने दबिश देकर बड़ी मात्रा में इमारती लकड़ी बरामद की है। जिसकी कीमत हजारों रूपये में बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार डीएफओ कटघोरा श्रीमती शमा फारूखी को मुखबीर से सूचना मिली थी की पाली वन परिक्षेत्र के नानपुलाली गांव में पटेल नामक एक ग्रामीण द्वारा जंगल से कीमती लकडिय़ां काटकर अपने मकान के पिछे छुपा रखा है। मुखबीर की सूचना को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने टीम गठित कर रेंजर के एन जोगी को छापा मार कार्रवाई करने को कहा था। डीएफओ के निर्देश पर

वन विभाग की टीम ने कल सायं जब उक्त ग्रामीण के मकान पर दबिश दी और घर की तलाशी ली गई तो इस दौरान बड़ी मात्रा में सागौन, साल, खम्हार के चिरान सीलपट सहित अन्य इमारती लकडिय़ा मिली। रेंजर जोगी ने बताया कि ग्रामीण के घर पर मिली लकडिय़ों की कीमत हजारों रूपये में होने का अनुमान है। विभाग द्वारा जब्त लकडिय़ों का नापजोक किया जा रहा है। नापजोक के बाद ही कीमत का वास्तविक आंकड़ा निकल सकेगा।

दर्री जोन में रोड निर्माण का कार्य शुरू हुआ, सर्वदलीय मंच के साथ नेता प्रतिपक्ष भी शामिल हुए

कोरबा। 18 फरवरी से सुबह 11.00 बजे से लगातार धरना प्रदर्शन अनशन रोड निर्माण को लेकर चल रहा था, सर्वदलीय मंच के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा था शाम होते ही सत्ता पक्ष के संगठन कांग्रेस के द्वारा आंदोलन से अपने आपको अलग कर लिया गया, परंतु भारतीय जनता पार्टी, आप एवं अन्य संगठन और सभी दर्री वासियों ने अनशन और आंदोलन को जारी रखा। जब तक रोड निर्माण का कार्य शुरू नहीं होगा तब तक अनशन जारी

रहेगा। पूरे दिन और पूरी रात धरना स्थल पर प्रदर्शनकारी डटे रहे।

आज सुबह दर्री के पार्षदों के बुलावे पर नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल दल बल के साथ मौका स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिए। लगभग 12.00 बजे पीडब्ल्यूडी के द्वारा रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया तब जाकर अनशन में बैठे पार्षद बुधवार साय और अमित को नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, विशाल केलकर, थाना प्रभारी और तहसीलदार के द्वारा जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया गया। आंदोलनकारियों के हाथों भूमि पूजन एवं नारियल फोड़ा गया। नेता प्रतिपक्ष हितानंद ने अनशन में बैठे लोगों का माला पहना कर अभिनंदन किया। हितानंद ने कहा दर्री वासियों की जीत हुई है सामूहिक एकता की जीत हुई है।

महिला दिवस पर सम्मानित होंगी प्राचार्य प्रियंका

कोरबा। सकारात्मक सोच व दूरदर्शिता जिनके विचारों में होती है उनके लिए कोई भी कार्य असम्भव नही होता, सच्चे मन व नि:स्वार्थ भाव से किया गया। प्रत्येक कार्य उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य ही होता है तथा समाज उन्हें ही अपना लीडर बनाता है। इन्ही विचारों से अभिभूत एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुडा की प्राचार्या डॉ.प्रियंका गुप्ता को आगामी 6 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर को भारत के शीर्ष स्कूल प्रतिनिधियों के बीच नेतृत्व की श्रेणी तहत वर्ष का राष्ट्रीय प्रभावशाली प्राचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। डॉ. प्रियंका गुप्ता ने बताया कि 24 वर्ष के शिक्षकीय अनुभव को फलीभूत करने का वास्तविक समय अब आया है जब सर्वथा अभावग्रस्त विद्यार्थियों के लिए उन्हें कुछ अच्छा करने का अवसर मिला है।

डॉ. गुप्ता ने सामाजिक, शैक्षिक तथा नवीन शिक्षकीय तकनीकों का प्रयोग कर विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर 5 रेटिंग अवार्ड दिलाया जो उनके कर्मठ व सशक्त होने का मिशाल कायम करता है। उनके द्वारा किये कार्यो के फलस्वरूप राष्ट्रव्यापी प्रशिक्षण संस्था सी ई डी फाउंडेशन के द्वारा उन्हें नेतृत्व की भूमिका में महिलाएं श्रेणी के शिक्षा में प्रभावशाली महिलाएं पुरुस्कार से 6 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समानित किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्था सी ई डी फाउंडेशन पूरे राष्ट्र स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण देने हेतु प्रतिबद्ध है। जिसमे प्रशिक्षिका के रूप में डॉ. गुप्ता रही। आवार्ड के लिए चयनीत होने पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के पालकों ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित प्राचार्या हमारे बीच अपनी नि:स्वार्थ सेवा के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनके जैसा मार्गदर्शक व दिशानिर्देशिका के हाथों हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित मानते है व इसमें तनिक भी संदेह नही है कि हमारे बच्चे शिक्षा के सभी आयामो को प्राप्त करेंगे। इस पुरस्कार के लिए सभी ने डॉ. प्रियंका गुप्ता को बधाई ज्ञापित करते हुए सदैव ही शैक्षकीय क्षेत्र के विकास के लिए अपना अमूल्य योगदान देते रहने की अपील की है।

एसईसीएल कर्मी के घर चोरी, हजारों का सामान पार

कोरबा। आवासीय कालोनियों में कहीं भी सूनापन चोरों को खास तरीके से भाता है और भी हर समय निगरानी भी करते है कि मौके का लाभ कैसे लिया जाये। प्रगतिनगर दीपका में चोरों ने एक आवास को निशाने पर लेने के साथ हजारों का सामान पार कर दिया। यहां पर लगी एयरकंडिशनर को उखाडऩे का प्रयास भी किया गया। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है।

पुलिस थाना दीपका के अंतर्गत प्रगतिनगर में एसईसीएल की आवासीय कालोनी स्थित है जहां पर अधिकारियों और कर्मचारियों को सूविधा दी गई है। यहां पर कर्मचारी सतीश पाण्डेय के आवास क्रमांक एमक्यू 1570 में पीछे से घुसने के साथ चोरों ने पिछली रात जमकर उत्पात मचाया। सैमसंग टीवी सहित

कई महंगे सामान यहां से पार कर दिये गये। जो सामान चोरों को अपने काम का नहीं लगा उसे यहां वहां तितर-बितर कर दिया। चोरों ने यहां पर लगाये गये एयरकंडिशनर को पार करने की कोशिश की। जिस जगह पर इसे लगाया गया था, उसे उखाडऩे का भरसक प्रयास किया गया। कोरबा से लौटने पर सतीश पाण्डेय को इस घटना की जानकारी हुई। उन्होंने पाया की सबकुछ अव्यवस्थित है। यहां से नदारत सामानों की सूची बनाने के साथ उन्होंने स्थानीय पुलिस को अवगत कराया और कार्रवाई करने की मांग की। इस कड़ी में पुलिस के द्वारा घटना स्थल का मुआयना किया गया है।

एसईसीएल प्रगतिनगर कालोनी में चोरी की घटनाओं में कर्मचारियों की चिंता बढ़ाकर रख दी है। आये दिन यहां पर आवासों के ताले टूट रहे है और कीमती सामान बट्टा खाता में जा रहा है। ऐसा लगता है कि कुछ घंटों तक तालों के पहरे में रहने वालों आवासों के बारे में चोर उच्चकें अपने स्तर पर पूरी जानकारी जुटाने के मामले में सक्रिय रहते है। संगठित गिरोह की भूमिका इस मामले में हो सकती है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैद्धांतिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU